**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।**

पत्रांक 1938 / m-1 / 39 दिनांक 13/7/26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय : **दैनिक भास्कर डिजीटल समाचार में दिनांक 11.07.2026 को '' बस्ती में जल शक्ति मिशन की टंकी अधूरीः ग्रामीण स्वच्छ पानी से वंचित, एक साल से निर्माण रुका'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि दैनिक भास्कर डिजीटल समाचार में दिनांक 11.07.2026 को '' बस्ती में जल शक्ति मिशन की टंकी अधूरीः ग्रामीण स्वच्छ पानी से वंचित, एक साल से निर्माण रुका'' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया,गया है। विकास खण्ड- रानीपुर के अन्तर्गत बस्ती पेयजल योजना का कार्य मेसर्स के0एल0एस0आर द्वारा कराया जा रहा है। पेयजल योजना की प्रगति के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था मेसर्स के0एल0एस0आर0 से आख्या प्राप्त की गई। संस्था द्वारा अपने पत्र सं0 KLSR-Rays-JV/Mau/2026-27/726, दिनांक 13.07.2026 के माध्यम से आख्या प्रस्तुत की गई है (पत्र संलग्न है)। विकास खण्ड रानीपुर के ग्राम पंचायत बस्ती में जल जीवन मिन के अंतर्गत पेयजल परियोजना निर्माणाधीन है जहाँ ट्यूबवेल, पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोलर का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य 20.03 किमी0 के सापेक्ष 13.2 किमी0 पूर्ण कर लिया गया है एवं गृह संयोजन का कार्य 40 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है, ओ०एच०टी का कार्य ग्राउण्ड लेवल तक पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में विभाग द्वारा योजनाओं को पूरा करने के दृष्टिगत प्राथमिकतावार फण्ड रिलीज़ किया जा रहा है ।

अतः फण्ड प्राप्त होने पर कार्य पुनः आरम्भ करते हुए योजना के सभी कार्यों को पूर्ण करा लिया जाएगा और नियमित रुप से पानी की सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

आपसे अनुरोध है कि कृपया प्रकरण निक्षेपित करने का कष्ट करे।

संलग्नक : फर्म का पत्र।
पेपर कटिंग।

भवदीय
(रामेश्वर दयाल)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः-

1- प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
2- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
3- जिलाधिकारी महोदय, मऊ को सादर अवलोकनार्थ।
4- मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मऊ को सादर सूचनार्थ।
5- मुख्य अभियन्ता (वारा.क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़।
7- जिला सूचना अधिकारी (निरीक्षा शाखा), मऊ।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

Clean Water

# बस्ती में जल शक्ति मिशन की टंकी अधूरी: ग्रामीण स्वच्छ पानी से वंचित, एक साल से निर्माण रुका

विपिन कुमार सिंह | रानीपुर (मऊ), मऊ
2 दिन पहले



दैनिक भास्कर
होम वीडियो सर्च वॉ



मऊ जिले के रानीपुर ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत बस्ती में जल शक्ति मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी का निर्माण कार्य एक साल से अधूरा है। इसके कारण ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने चार माह से शिकायतें की हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

परियोजना के तहत शुरुआत में पाइपलाइन बिछाने के लिए गलियों में खुदाई की गई थी। हालांकि, बाद में इन गलियों की मरम्मत ठीक से नहीं की गई। पाइपलाइन के कनेक्शन दिए जा चुके हैं, लेकिन मुख्य टंकी का निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिले की कई अन्य ग्राम पंचायतों में जल टंकियों का निर्माण पूरा हो चुका है और वहां घरों तक पानी की आपूर्ति भी शुरू हो गई है। बस्ती के ग्रामीण इस सुविधा से वंचित हैं।

बस्ती गांव के ग्रामीण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल शक्ति मिशन योजना का लाभ पाने के लिए प्रशासन से टंकी निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार तीन साल से काम अधूरा छोड़कर चला गया है, जिससे घर-घर जल पहुंचाने की सरकारी योजना बाधित हो रही है। सतोष , सुनील, बिनोद और धर्मेंद्र सहित कई ग्रामीणों ने इस समस्या के शीघ्र समाधान की अपील की है।

इस संबंध में जल शक्ति मिशन के अधिशासी अभियंता शंभू चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner